सुलभता / सहायता पेज

Governor's Interagency Council on Health Disparities (स्वास्थ्य असमानताओं पर गवर्नर की इंटरएजेंसी काउंसिल) (काउंसिल)यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि हम जो जानकारी साझा करते हैं उसे हर कोई ऐक्सेस कर सके।

काउंसिल योग्य भाषा दुभाषियों और लिखित अनुवाद जैसी मुफ्त भाषा सेवाएं प्रदान करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अंग्रेज़ी की सीमित जानकारी वाले लोग सारी गतिविधियों को सही ढंग से ऐक्सेस कर पाएं।

काउंसिल विकलांगों के साथ प्रभावी ढंग से जुड़ने के लिए मुफ्त सहायता और सेवाएं भी प्रदान करता है। इनमें सांकेतिक भाषा के योग्य दुभाषिए, क्लोज़ कैप्शनिंग, और दूसरे फ़ॉर्मेट (बड़े प्रिंट, ऑडियो, सुलभ इलेक्ट्रॉनिक फ़ॉर्मेट आदि) में लिखित जानकारी की उपलब्धता शामिल हैं।

अगर आप इस वेबसाइट पर कोई सामग्री किसी दूसरे फ़ॉर्मेट या भाषा में चाहते हैं तो कृपया healthyquity@sboh.wa.gov पर ईमेल करें। हमें आपके मनमुताबिक जवाब दे पाने में सक्षम बनाने के लिए कृपया निम्नलिखित जानकारी दें:

- आपकी जरूरत किस तरह की है
- आपका पसंदीदा फ़ॉर्मेट (इलेक्ट्रॉनिक फ़ॉर्मेट, बड़े प्रिंट आदि) या भाषा
- अनुरोधित सामग्री का वेब पता (अगर पता हो)
- आपकी संपर्क संबंधी जानकारी ताकि अतिरिक्त जानकारी की जरूरत होने पर हम आपसे संपर्क कर सकें।

Governor's Interagency Council on Health Disparities ग़ैर-भेदभाव पर लागू संघीय और राज्य नागरिक अधिकार कानूनों का अनुपालन करती है। हम नस्ल, रंग, मज़हब, राष्ट्रीय मूल, नागरिकता या इमिग्रेशन स्टेटस, उम्र, विकलांगता, लिंग, लैंगिक अभिव्यक्ति और पहचान, सेक्शुअल ओरिएंटेशन, वैवाहिक स्थिति, पारिवारिक स्थिति, धर्म, सम्मानपूर्वक सेवामुक्त हुए पुराने सैनिक या उनकी सैन्य स्थिति के आधार पर लोगों के साथ भेदभाव नहीं करते या उन्हें वर्जित नहीं करते हैं। इस सूचि में ऐसे विकलांग व्यक्ति भी शामिल हैं जो गाइड के तौर पर प्रशिक्षित कुत्ते या सेवा देने वाले जानवर का इस्तेमाल करते हैं।

* अधिक जानकारी हमारे **ग़ैर-भेदभाव संबंधित सूचना** वेबपेज पर उपलब्ध है।

अगर आप Americans with Disabilities Act (ADA, अमेरिकी विकलांगता अधिनियम) के संबंध में अतिरिक्त जानकारी चाहते हैं या आपके कोई सवाल हैं, तो कृपया ADA.gov (अंग्रेजी में) पर जाएं या U.S. Department of Justice (अमेरिकी न्याय विभाग) की सूचना लाइन पर संपर्क करें। (अंग्रेजी में; लाइन पर स्पेनिश में जानकारी उपलब्ध है)।

- 800-514-0301 (वॉयस)
- 1-833-610-1264 (TTY)

ADA की सूचना लाइन सोमवार से बुधवार और शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक और दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक और गुरुवार को दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक खुली रहती है। (पूर्वीय समय).